संख्या- 765 /अरसठ-4-2021-9(16)/2020

प्रेषक,

आर0 वी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0 प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक 29 सितम्बर, 2021

विषय:-उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 के आयोजन हेतु परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारिणी।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-गोप0/टी0ई0टी0 20-21/2854-56/2021-22 दिनांक 16 सितम्बर, 2021, जिसके द्वारा आगामी उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020-21 की परीक्षा तिथि दिनांक 28 नवम्बर, 2021 प्रस्तावित करते हुए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारिणी का शासनादेश निर्गत कराने का अनुरोध किया गया है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त आगामी उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0टी0ई0टी0)-2021 के आयोजन हेतु निम्नलिखित परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारणी पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है। उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 दिनांक 28 नवम्बर, 2021 को सम्पन्न होगी तथा परीक्षाफल दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 को घोषित किया जायेगा-

क्रमांक	कार्यक्रम का विवरण	कार्य सम्पन्न करने के लिए अवधि का निर्धारण
1	विज्ञापन का प्रकाशन	04.10.2021
2	आनलाइन आवेदन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि	07.10.2021 (अपरान्ह से)
3	रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि	25.10.2021
4	आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	26.10.2021
5	आवेदन पूर्ण करने एवं पूर्ण आवेदन का प्रिंट लेने की अन्तिम तिथि	27.10.2021
6	परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु जनपद के आवेदकों की संख्या की सूचना सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित करने की तिथि	28.10.2021
7	जनपद स्तर पर जनपदीय समिति द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारित करने की तिथि	02.11.2021
8	जनपदीय समिति द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारित करके केन्द्रों की सूची छात्र आवंटन सहित (हार्ड एवं साफ्ट कापी दोनों) सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज को उपलब्ध कराने की तिथि	08.11.2021

2/-